

मध्यप्रदेश का सबसे तेज बढ़ता सांध्य दैनिक

# अमृत दर्शन



www.amritdarshan.com Email : amritdarshan@yahoo.com

भोपाल, नर्मदापुरम एवं रायसेन से एक साथ प्रकाशित

भगवान परशुराम जन्मोत्सव और अक्षय तृतीया की शुभकामनाएं | भोपाल, बुधवार 30 अप्रैल 2025 | वर्ष : 36 | अंक : 73 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 1 रु. | RNI NO. 50259/90





**आज: उज्जैन में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सीएम मोहन ने की सहभागिता**

# संबल योजना के तहत 600 करोड़ रुपये की राशि वितरित करेंगे सीएम

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

मध्यप्रदेश के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज धार जिले के उमरबन में संबल योजना के तहत अनुग्रह सहायता के 27,523 प्रकरणों में कुल 600 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरित करेंगे। इस अवसर पर श्रम एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में हितग्राही



उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना प्रदेश के असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना है। योजना के अंतर्गत-दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपये, सामान्य मृत्यु पर 2 लाख रुपये, स्थायी अपंगता पर 2 लाख रुपये, आंशिक स्थायी अपंगता पर 1 लाख रुपये एवं अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5,000 रुपये प्रदान किए जाते हैं। महिला श्रमिकों को प्रसूति सहायता के रूप में 16,000 रुपये और श्रमिकों के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत शिक्षण शुल्क की पूरी राशि राज्य सरकार वहन करती है।

नीति आयोग की पहल पर राज्य सरकार ने गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को भी संबल योजना में शामिल कर उनका पंजीयन प्रारंभ किया है।

### 2100 जोड़ों के विवाह समारोह में सीएम देंगे आशीर्वाद

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज धार जिले के उमरबन में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान सामूहिक विवाह-निकाह कार्यक्रम में शामिल होंगे। उमरबन पंचायत के केशरपुरा फाटा में आयोजित इस भव्य आयोजन में 2100 जोड़ों का विवाह-निकाह संपन्न होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के साथ ही मंच से लगभग 2140.26 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। इससे पहले आज अक्षय तृतीया के अवसर पर अखिल भारतीय ब्रम्हभट्ट क्षत्रिय समाज द्वारा उज्जैन में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम हुआ। जिसमें सीएम यादव ने सहभागिता की। उन्होंने सभी नवविवाहित वर-वधुओं को सुखी दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं।

## संक्षिप्त समाचार



### विशाखापत्तनम में भारी बारिश से मिट्टी धंसी, दीवार गिरने से 7 की मौत

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश में बुधवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां विशाखापत्तनम के पास सिंहाचलम में वराह लक्ष्मी नरसिम्हा मंदिर के नजदीक एक दीवार गिरने से सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। दरअसल, इलाके में भारी बारिश हुई थी। इस वजह से यह दीवार काफी गीली थी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्राबाबू नायडू ने घटना पर दुख जताया है और इलाके के कलेटर-एसपी से बात कर पीड़ितों की हरसंभव मदद करने के निर्देश दिए हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने भी हादसे पर शोक व्यक्त किया है। राज्य की गृह मंत्री वी अनिता ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि मंदिर की दीवार गिरने की वजह इलाके में भारी बारिश के कारण मिट्टी का धंसना हो सकता है। दीवार सिंहगिरी बस स्टैंड से घाट रोड पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के पास 300 रुपये के टिकट की कतार में गिरी। अनिता ने संवाददाताओं को बताया कि रात भर हुई भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण मिट्टी ढीली हो गई, जिससे दीवार गिर गई।

## अंतर्मना उवाच



जोशी मठ, जिला चमोली, उत्तराखंड : देव भूमि में अंतर्मना ससंघ का अष्टापद बद्रीनाथ धाम के लिए चल रहा निरंतर मंगल पद विहार

**समय, सयंम और समता हमारे जीवन के मूल्य को बढ़ा देते हैं..!**

मेडिसिन लेना है तो मेडिकल शॉप में जाओ। किराने का सामान खरीदना है तो किराना मर्चेन्ट में जाओ। वस्त्र खरीदना है तो गारमेंट्स शॉप में जाओ। धर्म, ईमान, सेवा, परोपकार, दया खरीदना है तो मन्दिर, मस्जिद, गिरजा, गुरुद्वारे में जाओ।

**जो पाना या खरीदना है तो उसी शॉप पर जाना होगा।** लेकिन समय की बलिहारिया - **आज मॉल का माहौल चल रहा है, जहाँ मेडिसिन, गारमेंट्स, किराना और रेस्टोरेंट सब सामान एक साथ मिल जाता है।**

**शिक्षक ने बच्चों से पूछा** -- दो और दो कितने होते हैं? **बच्चों ने जबाब दिया** -- चार। एक बच्चा चुपचाप सबके जवाब सुन रहा था। **शिक्षक ने पूछा** -- बेटा तुमने जबाब नहीं दिया। बच्चे ने कहा -- सर दो और दो पाँच होते हैं। शिक्षक और सभी बच्चे उसके जवाब सुनकर हँसने लगे। **शिक्षक ने कहा** -- बेटा 2 और 2 तो चार होते हैं। **बच्चा बोला** -- सर हमको गिनती नहीं आती।

**बात बहुत गहरी और समझने की है।** यही हमारी ज़िन्दगी के साथ हो रहा है। **दो और दो चार सब जान रहे हैं पर उन्हें जी कितने लोग रहे हैं?** जो पाना है उस दिशा में अपने कदमों को गति प्रदान करो --

- यदि सेवा, धर्म, दया, ईमान का जीवन जीना है तो देवालय की दिशा में चलना शुरू करो और शैतान, हैवान का जीवन जीना है तो मदिरालय की दिशा की ओर।
- राम जैसा जीवन जीना है तो सन्त और सत्संग की दिशा की तरफ बढ़ो। अनाचार, दुराचार का जीवन जीना है तो वेश्यालय की दिशा की ओर।

**हर समय सावधान रहो..! मन का रावण कभी भी उद्वेलित, उत्तेजित हो सकता है।** ज़िन्दगी में सम्मान दिलाने वाला भी समय है और साँप की तरह फुफकारने, डराने, डंसने वाला भी समय ही है। इसलिए -- **समय, समता और सयंम का सम्मान करो...!!!**

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

**जिस मीटिंग के बाद हुई थी एयरस्ट्राइक फिर वही मीटिंग कर रहे पीएम मोदी, पाक पर एक्शन तय**

# राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन पूर्व रॉ प्रमुख आलोक जोशी बने अध्यक्ष

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के बाद भारत ने आतंकी और उसके आकाओं को जमींदोज करने की तैयारी शुरू कर दी है। केंद्र की मोदी सरकार अब फुल एक्शन में नजर आ रही है। आज राजधानी दिल्ली में बड़ी हलचल देखने को मिल रही है क्योंकि सुपर कैबिनेट मीटिंग हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुरक्षा मामलों पर कैबिनेट समिति (सीसीएस) और राजनीतिक मामलों पर कैबिनेट समिति (सीसीपीए) की अहम बैठकों की अध्यक्षता कर रहे हैं। सीसीएस राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों पर सरकार की ऐसी संस्था है, जो सबसे बड़े फैसले लेती है। सीसीपीए को कैबिनेट समितियों में सबसे ताकतवर माना जाता है। इसे सुपर कैबिनेट कहा जाता है।

सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन किया है। पूर्व रॉ प्रमुख आलोक जोशी को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पूर्व पश्चिमी एयर कमांडर एयर मार्शल पीएम सिन्हा, पूर्व दक्षिणी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह और रियर एडमिरल मोंटी खन्ना सैन्य सेवाओं से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। राजीव रंजन वर्मा और मनमोहन सिंह भारतीय पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त दो सदस्य हैं। सात सदस्यीय बोर्ड में बी वेंकटेश वर्मा सेवानिवृत्त आईएफएस हैं। एक पूर्ण कैबिनेट की बैठक भी होगी, जिसकी विस्तृत जानकारी दोपहर तीन बजे के बाद दी जाएगी।

**पाकिस्तान पर कभी भी हो सकती है जवाबी कार्रवाई, पीएम ने सेना को खुली छूट दी**



### कल डेढ़ घंटे तक चली शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देश के शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान भी इस बैठक का हिस्सा थे। बैठक करीब डेढ़ घंटे तक चली। यह बैठक उस समय हुई है, जब दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत जवाबी कार्रवाई के विकल्पों पर विचार कर रहा है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे।

### संसद के विशेष सत्र पर सीसीपीए फैसला करेगी: मेघवाल

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बुधवार को कहा कि संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति पहलगाम आतंकी हमले को लेकर संसद के विशेष सत्र के लिए कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों की मांग पर फैसला करेगी। संसदीय मामलों के विभाग में राज्य मंत्री और कानून मंत्रालय में स्वतंत्र प्रभार संभालने वाले मेघवाल ने संवाददाताओं से कहा कि सीसीपीए का फैसला, जो सत्र बुलाने पर फैसला करता है, उसके बाद ही बताया जाएगा।

### कभी भी हो सकती है कार्रवाई

पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई कभी भी हो सकती है। सख्त कार्रवाई का सीधा संकेत देने के लिए ही पीएम ने सेना को खुली छूट दी। सेना ने कराची बंदरगाह का संपर्क काटने, पीओके में सीधा हमला बोलने सहित अन्य विकल्पों पर विस्तार से मंथन किया है। सैन्य कार्रवाई से पहले कूटनीतिक मोर्चे पर वैश्विक मंच पर पाकिस्तान को अलग-थलग करने की रणनीति बनाई गई है।

### पंजाब बॉर्डर पर एंटी ड्रोन सिस्टम लगेगा

पंजाब सरकार ने कहा कि पाकिस्तान से जुड़े बॉर्डर पर एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात किया जाएगा। राज्य सरकार ने पहलगाम हमले के बाद यह फैसला लिया है। पंजाब के मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि इस सिस्टम से ड्रग्स और हथियारों की सप्लाई रोकी जा सकेगी। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां किसी भी तरह की घुसपैठ पर नजर रख सकेंगी और उसको नाकाम कर सकेंगी।

**सतना गोलीकांड मामले में एक्शन**

# टीआई लाइन अटैच फरार आरोपी पर 30 हजार का इनाम घोषित



**बैरक में बैठे मुंशी को मारी थी गोली**

**सतना ■ अमृत दर्शन**

मध्य प्रदेश के सतना में प्रधान आरक्षक को गोली मारने की घटना के 24 घंटे बाद भी आरोपी फरार है। इस मामले में एसपी ने थाना प्रभारी को पुलिस लाइन अटैच कर दिया है। आईजी ने आरोपी पर 30 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की 12 टीमें लगी हैं। मध्य प्रदेश के साथ उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में भी तलाश की जा रही हैं। एसपी खुद टीमों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

घटना 28-29 अप्रैल की रात जैतवारा थाना के बैरक में हुई थी। थाने में भोजन करने बैठे प्रधान आरक्षक प्रिंस गर्ग को गोली मार दी। गोली मारने के बाद आरोपी अच्चू उर्फ आदर्श शर्मा मौके से भागने में सफल हो गया। घायल प्रधान आरक्षक को आनन फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता सहित अन्य अधिकारी सतना जिला अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

गोलीकांड मामले में एसपी आशुतोष गुप्ता ने थाना प्रभारी विजय सिंह को पुलिस लाइन अटैच कर दिया है। वहीं आईजी ने आरोपी पर 30 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। बताया गया कि आरोपी अच्चू उर्फ आदर्श शर्मा पर कई अपराध दर्ज है। हाल ही में उसने एक युवक साहिल त्रिपाठी की बाइक चोरी की थी, जिसमें उस पर चोरी का मामला दर्ज है। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की 12 टीमें लगी हैं। मध्य प्रदेश के साथ उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में भी तलाश की जा रही हैं।

**कोलकाता के होटल में आग**

# कई लोग बालकनी से कूदे, 15 की मौत

**कोलकाता ■ एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में मंगलवार रात एक होटल में भीषण आग लग गई। पुलिस ने बताया कि शहर के मच्छुआपट्टी इलाके में एक होटल में लगी भीषण आग में एक महिला और दो बच्चों समेत 15 लोगों की मौत हो गई। 13 अन्य घायल हो गए। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, मृतकों में 11 पुरुष शामिल हैं, जिनमें से आठ की अब तक पहचान हो चुकी है। घटना की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। अधिकारी ने बताया कि कल रात की आग में 15 लोगों की मौत हुई है, इनमें एक महिला, एक लड़का और एक लड़की शामिल हैं। मृतकों में से आठ की पहचान हो गई है। उन्होंने बताया कि होटल में



**42 कमरों में रुके थे 88 लोग, कई घायल**

शाम करीब साढ़े सात बजे आग लगने की सूचना मिली, जहां इमारत के 42 कमरों में 88 लोग रह रहे थे। आग बुझाने के लिए दस दमकल गाड़ियों को लगाया गया। आखिरकार सुबह साढ़े तीन बजे आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

**बाबा रामदेव ने सीएम डॉ मोहन से की मुलाकात**

# योग गुरु ने सिंहस्थ 2028 के लिए दिया आशीर्वाद

**उज्जैन ■ अमृत दर्शन**

आज सीएम डॉ मोहन यादव से योग गुरु बाबा रामदेव ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने बाबा रामदेव का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। वहीं उन्होंने भगवान महाकाल की तस्वीर भी दी। इस दौरान उज्जैन विधायक अनिल जैन भी मौजूद रहे। बाबा रामदेव बुधवार को मध्य प्रदेश के उज्जैन पहुंचे। जहां वे महाकाल मंदिर पहुंचकर भस्म आरती में शामिल हुए। नंदी हॉल से भस्म आरती का दर्शन किया और पूरे समय 'जय श्री महाकाल' और 'नम: शिवाय' का जाप करते हुए भक्ति में लीन नजर आए। आरती के बाद उन्होंने मंदिर परिसर में पूजन-अर्चन कर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। इसके बाद बाबा रामदेव ने सीएम से मुलाकात की। वहीं सीएम ने बाबा का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। साथ ही शाल, श्री फल और भगवान महाकाल की तस्वीर



भी भेंट की। बाबा रामदेव ने सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के संबंध में उत्साहवर्धन किया और सफलता की कामना की। इस पर सीएम डॉ मोहन यादव ने उनका आभार व्यक्त किया। बाबा रामदेव ने कहा कि मप्र धर्मभूमि भी है। विकास की कृषि,उद्योग, धार्मिक, सांस्कृतिक, एतिहासिक, महाकुंभ को लेकर दुनिया का सबसे बड़े आध्यात्मिक राजधानी के रूप में विकसित हो रहा है।

### भगवान महाकाल से की भारत माता की रक्षा की कामना

दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत में बाबा रामदेव ने महाकाल मंदिर की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर पहली बार भगवान महाकाल के दर्शन कर वे अभिभूत हैं। उन्होंने भगवान महाकाल से भारत माता की रक्षा और देश के उत्थान की प्रार्थना की।

**कपाटोद्धघाटन के मौके पर पूरा क्षेत्र हर-हर-गंगे की जयकारों से गूंज उठा**

# चारधाम यात्रा का हुआ श्रीगणेश, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुले

**सीएम ने किए दर्शन, पीएम के नाम से हुई पहली पूजा** | **उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

**उत्तरकाशी ■ एजेंसी**

विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीय के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं दर्शन के लिए खोल दिए गए। अब निरंतर छह माह तक गंगोत्री धाम मां गंगा के दर्शन करेंगे। बुधवार सुबह 10 बजकर 30 मिनट के अभिजीत मुहूर्त पर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए गंगोत्री धाम के कपाट खोले गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंगोत्री धाम पहुंचकर यहां विशेष पूजा अर्चना की। पीएम मोदी के नाम से पहली पूजा की गई। कपाटोद्धघाटन के मौके पर समूचा गंगोत्री धाम मां गंगे के जयकारो से गूंज उठा। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंगोत्री धाम पहुंचकर मां गंगा के दर्शन किए। यमुनोत्री और



गंगोत्री धाम के कपाट खुलते ही उत्तराखंड में चार धाम यात्रा श्री गणेश हो गया है। बुधवार को कपाट खुलने के मौके पर मां गंगा के दर्शन के लिए देश के विभिन्न प्रांतो से श्रद्धालु गंगोत्री धाम पहुंचे। यहां श्रद्धालु ने मां गंगा की विग्रह मूर्ति के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस मौके पर गंगोत्री मंदिर परिसर को करीब 15 कुंटल फूलों से सजाया गया। अब श्रद्धालु छह माह तक गंगोत्री धाम में मां गंगा की दर्शन कर सकेंगे।

### हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा

- श्रद्धालुओं के जयकारे व 14 राजपूताना राइफल्स के बैंड की मधुर स्वर लहरियों के बीच गंगोत्री मंदिर के कपाट 10 :30 बजे अभिजीत मुहूर्त में खोले गए, इस दौरान हेलिकॉप्टर से गंगोत्री मंदिर के ऊपर पुष्प वर्षा की गयी।
- कब खुलेंगे केदारनाथ और बदरीनाथ के कपाट?
- केदारनाथ धाम कपाट दो मई सुबह 7 बजे आम भक्तों के दर्शनों के लिए खोल दिए जाएंगे।
- बदरीनाथ धाम के चार मई सुबह 6 बजे विधिविधान से खोल दिए जाएंगे।

**दस स्थानों पर तैनात रहेगा आतंकवाद निरोधक दस्ता**

तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। चप्पे-चप्पे पर आतंकवाद निरोधक दस्ता, अर्धसैनिक बल और पुलिस के जवानों की नजर रहेगी। यात्रियों की सुरक्षा के लिए 10 कंपनी पैरामिलिट्री, 17 कंपनी पीएसी के साथ ही 10 स्थानों पर आतंकवाद निरोधक दस्ता तैनात रहेगा।

**सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिए निर्देश**

### ई केवाईसी प्रोसेस को दिव्यांग लोगों के लिए बनाएं आसान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा कि डिजिटल पहुंच एक मौलिक अधिकार है और एसिड अटैक सर्वाइवर्स व दिव्यांग लोगों के लिए केवाईसी प्रक्रिया को आसान बनाया जाना चाहिए। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने इन मुद्दों पर दायर दो जनहित याचिकाओं पर यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने फैसले में कहा, 'वास्तविक समानता का सिद्धांत यह मांग करता है कि डिजिटल बदलाव समावेशी और न्यायसंगत दोनों हो। इसलिए डिजिटल पहुंच का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार का एक सहज घटक बन जाता है। दिव्यांगों के लिए केवाईसी प्रक्रिया में बदलाव की जरूरत है।

### इंदौर में मंगलवार को रिकॉर्डतोड़ गर्मी दर्ज की गई

# तपती धूप ने तोड़े 5 साल के रिकॉर्ड, गर्मी से सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**इंदौर ■ निसं**

इंदौर में मंगलवार को रिकॉर्डतोड़ गर्मी दर्ज की गई। तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया जो पिछले पांच साल में सबसे ज्यादा है। दोपहर में तपन इतनी तेज थी कि सड़कों पर सन्नाटा छा गया। इंदौर में मंगलवार को अप्रैल महीने की अब तक की सबसे भीषण गर्मी दर्ज की गई। दिन का तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक है। तेज धूप और तपन के चलते दोपहर में सड़कों पर आवाजाही कम हो गई थी। लोग घरों में दुबके रहे क्योंकि धूप में एक मिनट भी खड़ा रह पाना मुश्किल हो रहा था। यह दिन न केवल अप्रैल का, बल्कि पिछले पांच सालों का भी सबसे गर्म दिन बन गया। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक ऐसी ही भीषण गर्मी बने रहने की संभावना जताई है। बुधवार को भी सुबह से ही तेज धूप है। गर्म हवाओं के थपेड़े चल रहे हैं और 11 बजे बाद सड़कें सूनी हो गई हैं।



**पिछले दस वर्षों में केवल चार बार पार हुआ 42 डिग्री का आंकड़ा**

पिछले दस वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो 29 अप्रैल 2019 को इंदौर में अब तक का सबसे अधिक तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। बीते दशक में केवल चार बार तापमान 42 डिग्री के पार गया है। पिछले पांच वर्षों में भी इस बार का तापमान सबसे ज्यादा रहा। 18 अप्रैल 2024 को अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री था, जबकि मंगलवार को यह रिकॉर्ड टूट गया। मंगलवार की रात का तापमान भी सामान्य से 3 डिग्री अधिक, यानी 26.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जिससे रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिली।

**मौसम वैज्ञानिकों का पूर्वानुमान- लू का खतरा बरकरार:** मौसम विभाग की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि बीते कुछ दिनों से प्रदेश के कुछ इलाकों में साइक्लोनिक सर्कुलेशन और टर्फ के कारण बारिश हो रही है। हालांकि इंदौर संभाग पर इसका कोई असर नहीं दिख रहा है। यहां गर्मी का दौर जारी है और अगले दो दिन भी हालात ऐसे ही बने रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों ने चेताया है कि राजस्थान और गुजरात से सटे जिलों में हीट वेव यानी लू चलने के आसार हैं, जिससे लोगों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत है।

**2 मई से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के सक्रिय होने के आसार**

डॉ. सुरेंद्रन के अनुसार, 2 मई से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय हो सकता है, जिसका असर प्रदेश के कुछ इलाकों में अगले तीन दिनों तक देखने को मिल सकता है। इसके चलते कुछ जिलों में तापमान में मामूली गिरावट हो सकती है या बादलों की आवाजाही के चलते राहत महसूस हो सकती है। हालांकि इंदौर में अगले कुछ दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद कम है। लोगों से अपील की गई है कि वे धूप में बाहर निकलने से बचें और पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।

### चार साल की बच्ची के अपहरण और रेप का मामला

# चार संदेहियों का डीएनए टेस्ट कराएगी पुलिस, तीन दिन में आएगी रिपोर्ट

**जबलपुर ■ निसं**

चार साल की बच्ची का अपहरण और रेप के मामले में पुलिस को अभी तक कुछ खास हाथ नहीं लगा है। सिहोरा एसडीओपी पारुल शर्मा के नेतृत्व में मझगवां पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। पिछले तीन दिन में पुलिस ने 24 से ज्यादा गांव के लोगों से पूछताछ की है। इनमें से चार संदेहियों को अभिरक्षा में लिया है, जो उसी गांव के हैं। अब पुलिस डीएनए टेस्ट कराने की तैयारी कर रही है। जिसकी रिपोर्ट दो से तीन दिन में आ जाएगी। इधर, घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश है।

पुलिस अभिरक्षा में लिए चार संदेहियों से पूछताछ कर रही है। हालांकि उनका कहना है कि वे घटना वाले दिन गांव में नहीं थे। पीड़ित बच्ची को मंगलवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। बच्ची अब पूरी तरह से स्वस्थ है, हालांकि किसी अनजान व्यक्ति को देखते ही वह सहम जाती है और मां के पीछे जाकर छिप जाती है। घटना वाले दिन के बाद से बच्ची बहुत कम बात कर रही है। बता दें कि रविवार की गांव की शादी में शामिल होने अकेले ही निकली बच्ची का किसी ने अपहरण कर रेप किया था। खून में लथपथ



कपड़ों के साथ बच्ची मां के पास पहुंची और फिर परिजनों ने एफआईआर कराई। बच्ची को लेडी एल्गिन अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

**घटना का हुआ रिक्रिएशन:** तीन दिन पहले गांव में शादी थी, उस दिन बारात में कितने लोग शामिल हुए, कहां-कहां से आए थे, पुलिस उन लोगों की लिस्ट बनाकर पूछताछ में जुटी है। एसडीओपी पारुल शर्मा के नेतृत्व में मझगवां थाना प्रभारी टीम के साथ गांव में डटे हुए हैं। मंगलवार को घटना का रिक्रिएशन किया गया। इस दौरान बच्ची के माता-पिता के साथ सादी वर्दी में पुलिस तैनात थी। घर से निकलने से लेकर शादी समारोह स्थल और जहां-जहां बच्ची अकेले गई थी, उन तमाम जगह पर पुलिस पहुंची और कई महत्वपूर्ण साक्ष्य इकट्ठा किए। गांव में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं, जिसके चलते भी पुलिस को आरोपी तक पहुंचने में कड़ी मेहनत करना पड़ रही है। करीब तीन से चार घंटे एसडीओपी पारुल शर्मा ने बच्ची के साथ बिताए, पर अभी तक कुछ खास सफलता हाथ नहीं लगी है।

**मां ने तैयार किया, बच्ची अकेले ही चल दी**

मझगवां थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार शाम को कटनी जिले के पान उमरिया गांव से बारात आई थी। खेत में शादी समारोह चल रहा था। वहां जाने के लिए मां ने बच्ची को तैयार किया और घर के बाहर यह कहते हुए बैठा दिया कि थोड़ी देर बाद सब लोग साथ चलेंगे। कुछ देर इंतजार के बाद बच्ची अकेले ही चल दी थी।

**आरोपी बारातियों में से होने की आशंका**

रास्ते में आरोपी ने बच्ची को अकेला पाकर उठा लिया और सुनसान जगह ले जाकर रेप किया। इसके बाद अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। ग्रामीणों ने भी बच्ची को समारोह स्थल की ओर जाते हुए देखा था।

## पुरानी रंजिश में आदिवासी युवक की पीट-पीटकर हत्या

**दमोह।** जिले के पथरिया थाना क्षेत्र के नंदरई गांव में मंगलवार रात पुरानी रंजिश के चलते एक आदिवासी युवक की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर सीएसपी अभिषेक तिवारी और पथरिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। मृतक के भाई की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और उनकी तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार, नंदरई गांव निवासी 27 वर्षीय रामरतन सौर मंगलवार रात एक भोज कार्यक्रम से लौट रहा था। इसी दौरान गांव के ही कुछ युवकों मुट्ठे, दत्तू, चंदू और मोहन आदिवासी ने उसे रास्ते में घेर लिया और लाठियों से हमला कर दिया। रामरतन के भाई गोपाल आदिवासी के मुताबिक, उसने जब भाई की चीखने की आवाज सुनी तो अपने कुछ साथियों के साथ मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक कुछ और लोग भी वहां आ गए और हमलावरों ने मिलकर रामरतन को बेरहमी से पीटा। गंभीर रूप से घायल रामरतन को परिजन पथरिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों के बयान दर्ज किए। सीएसपी अभिषेक तिवारी ने बताया कि यह हमला पुरानी रंजिश के चलते किया गया है। परिजनों की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

# सागर को मिली एक और नई ट्रेन, दुर्ग-लालकुआं रेल सेवा कल से होगी शुरू

**दमोह ■ निसं**

सागर स्टेशन से यह ट्रेन रात 10:45 बजे प्रस्थान करेगी, जो यात्रियों के लिए बेहद सुविधा जनक समय है। यह ट्रेन अगले दिन सुबह आठ बजे मथुरा जंक्शन पहुंचेगी। सागर के लोगों के लिए रेलवे ने एक और ग्रीष्मकालीन ट्रेन की सौगात दी है। इस ट्रेन से बीना-कटनी के बीच के शहरों दमोह तथा सागर के यात्रियों को सुविधा प्राप्त होगी।

सागर स्मार्ट सिटी, डिविजनल मुख्यालय और छत्तीसगढ़ से और नॉर्थ इंडिया के लिए सबसे छोटा मार्ग वाया दमोह-सागर से जाता है। सागर सांसद डॉक्टर लता वानखेड़े ने विगत दिनों रेल मंत्री और रेलवे बोर्ड के चेयरमैन के साथ हुई बैठक में मंत्री को सभी पहलू पर प्रस्तुतीकरण दिया था। उसके उपरांत दुर्ग से लालकुआं (नैनीताल) के लिए नई विशेष ट्रेन शुरू होने जा रही है। यह ट्रेन एक मई 2025 प्रत्येक गुरुवार को अपनी सेवाएं शुरू करेगी, जो सागर सहित दमोह के निवासियों के लिए एक तोहफा है।



सागर स्टेशन (स्त्रह) से यह ट्रेन रात 10:45 बजे प्रस्थान करेगी, जो यात्रियों के लिए बेहद सुविधाजनक समय है। यह ट्रेन अगले दिन सुबह आठ बजे मथुरा जंक्शन पहुंचेगी और शाम छह बजे लालकुआं, जो नैनीताल के पास स्थित है, पहुंचेगी। यह समयसारणी सागर से दिल्ली, रुद्रपुर और नैनीताल जैसे प्रमुख शहरों तक यात्रा करने वालों के लिए सुविधाजनक मानी जा रही है।

इस नई रेल सेवा से सागर के लोग रायपुर, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुरवारा, दमोह, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), आगरा कैंट, मथुरा, दिल्ली हजरत निजामुद्दीन, गाजियाबाद, मुरादाबाद, रामपुर, रुद्रपुर सिटी और लालकुआं जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों से जुड़ सकेंगे। यह कनेक्टिविटी सागर को पर्यटन, व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के नए अवसर प्रदान करेगी। ट्रेन में स्लीपर, जनरल और एसी कोच होंगे, जो यात्रियों की सुविधा के लिए पर्याप्त क्षमता प्रदान करेंगे। मई और जून में यह ट्रेन सप्ताह में चयनित दिनों पर चलेगी।

### स्वच्छता को मिलेगी नई रफ्तार

## अक्षय तृतीया पर निगम को मिली 100 इलेक्ट्रिक गाड़ियां

**इंदौर ■ निसं**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा ऐतिहासिक राजबाड़ा में इन वाहनों का लोकार्पण किया गया। इस पहल से न केवल कचरा प्रबंधन सुधरेगा, बल्कि वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी, जिससे इंदौर की वायु गुणवत्ता बेहतर होगी। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर नगर निगम इंदौर ने स्वच्छता अभियान को नई दिशा देते हुए 100 इलेक्ट्रिक डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों की शुरुआत की। इन पर्यावरण अनुकूल वाहनों का लोकार्पण महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने ऐतिहासिक राजबाड़ा परिसर में किया।

**प्रदूषण कम होगा:** नगर निगम की स्वच्छता टीम में शामिल किए जा रहे इन इलेक्ट्रिक वाहनों से शहर की कचरा संग्रहण व्यवस्था में सुधार की उम्मीद की जा रही है। साथ ही, ये वाहन वायु प्रदूषण को कम करने में भी सहायक सिद्ध होंगे, जिससे इंदौर की वायु गुणवत्ता बेहतर होगी।



**महापौर बोले पर्यावरण पर फोकस**

महापौर भार्गव ने इस पहल को स्वच्छ इंदौर की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि नगर निगम लगातार प्रयासरत है कि इंदौर स्वच्छता में देशभर में अग्रणी बना रहे और नागरिकों को एक साफ-सुथरा व स्वस्थ वातावरण प्रदान किया जा सके। इस कार्यक्रम में नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं स्वच्छता कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### खाने को लेकर रिश्तेदार और पड़ोसियों के बीच हुआ विवाद

## बरात जाने के एक दिन पहले दूल्हे पर पड़ोसियों ने किया हमला, हालत गंभीर

**दमोह ■ निसं**

दमोह कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़ापुरा में मंगलवार की रात एक दूल्हे पर पड़ोसियों ने हमला कर दिया। जिसे गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। बुधवार को दूल्हे की बरात जानी थी, लेकिन रात में खाने को लेकर रिश्तेदार और पड़ोसियों के बीच ऐसा विवाद हुआ कि दूल्हे पर ही लोगों ने हमला कर दिया। जिसे परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।



जिला अस्पताल में घायल दूल्हा।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी देते हुए दूल्हे विक्की अहिरवार ने बताया कि बुधवार को उसकी बरात जानी थी। मंगलवार को घर पर उसे हल्दी लग रही थी और खाना चल रहा था। इसी दौरान पड़ोसियों और रिश्तेदारों के बीच खाने को लेकर कुछ विवाद हो गया। जब वह बीच बचाव करने पहुंचा तो उस पर ही कुछ लोगों ने हमला कर दिया। वह देख नहीं पाया उसके सिर पर पीछे से ईंट मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

घायल विक्की की दादी ने बताया कि गुल्ले नामक युवक के द्वारा शराब के नशे में पहले खाने को लेकर उनके साथ अभद्रता की गई। इसके बाद रिश्तेदारों से विवाद शुरू कर दिया। तभी विक्की बीच बचाव करने पहुंचा तो उसे पर हमला कर दिया। बुधवार को विक्की की बरात जानी थी, लेकिन मंगलवार की रात लोगों ने उस पर हमला कर दिया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने परिजनों के बयानों के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। बुंदेलखंड में ऐसा माना जाता है कि बरात जाने के दो दिन पहले दूल्हे में भगवान का वास हो जाता है। इसलिए उसे नजर से बचाने के उपाय भी किए जाते हैं और मां बरात जाने के पहले अपने बेटे की नजर उतारती है, लेकिन दमोह के बड़ा पूरा में लोगों ने दूल्हे पर ही हमला कर दिया। जब वह घायल हालत में पहुंचा उस समय भी उसे हल्दी लगी हुई थी।

**खंडवा में तीन दुकानों से लाखों की चोरी**

## सीसीटीवी में दिखे महाराष्ट्र के बदमाश, धरपकड़ के लिए टीम जालना रवाना

**खंडवा ■ निसं**

खंडवा कोतवाली थाना क्षेत्र के बुधवारा बाजार में हुई चोरी की वारदात के आरोपी महाराष्ट्र के जालना के निवासी निकले। सोमवार रात दीपू मिठाई वाले समेत तीन दुकानों में हुई चोरी के मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान की है, आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीम जालना रवाना की है।

कोतवाली पुलिस के मुताबिक, तड़के 3:40 बजे चोरों ने सबसे पहले दीपक अग्रवाल की मिठाई की दुकान को निशाना बनाया। दुकान के मालिक के बेटे निहुल अग्रवाल ने बताया कि गल्ले में रखे ढाई लाख रुपए की चोरी हुई, जो एक व्यापारी को भुगतान के लिए रखे गए थे। हालांकि, पुलिस रिपोर्ट में सवा लाख रुपए की चोरी दर्ज की गई है। इसी रात चोरों ने पड़ोस में स्थित रोहित साहू की श्याम सेंटर बेकरी में भी सेंध लगाने का प्रयास किया, लेकिन सेंट्रल लॉक न टूटने के कारण वे सफल नहीं हो सके।

## खिवनी अभयारण्य बना पर्यटकों का पसंदीदा ठिकाना

### बाघों और गिद्धों के बढ़ते कुनबे इसकी खास वजह बनी

**सीहोर ■ निसं**

यह सेंचुरी न केवल जैव विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, बल्कि यह पर्यटकों के लिए भी एक आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मार्च और अप्रैल के महीनों में करीब 700 पर्यटकों ने अभयारण्य का दौरा किया।

गर्मियों की छुट्टियों के चलते इन दिनों खिवनी वन्यजीव अभयारण्य पर्यटकों के बीच खासा लोकप्रिय बना हुआ है। स्कूली बच्चों के साथ बड़ी संख्या में परिवार यहां पहुंच रहे हैं। अभयारण्य में बाघों की बढ़ती संख्या के साथ ही लुप्तप्राय प्रजाति के गिद्धों की भी वापसी ने पर्यावरण प्रेमियों और वन विभाग को उत्साहित किया है।

यहां बाघ, तेंदुआ और कई दुर्लभ प्रजातियों के पक्षी देखे जा रहे हैं।



खास बात यह है कि यहां लुप्तप्राय इजिप्शियन वल्चर (सफेद गिद्ध) का एक जोड़ा देखा गया है, जिनके घोंसले में अंडे होने की संभावना जताई गई है। इससे प्रजाति के संरक्षण को लेकर नई उम्मीदें जगी हैं। वन विभाग के अनुसार, वर्ष में दो बार गिद्धों की गणना होती है। सर्दियों में प्रवासी और गर्मियों में स्थानीय प्रजातियों की। हाल ही में बाघों की निगरानी के लिए लगाए गए ट्रैप कैमरों में एक 'राज गिद्ध' की तस्वीर कैद हुई है, जिससे इस प्रजाति की उपस्थिति की पुष्टि हुई है।

**पश्चिम मध्य रेल**

**ई निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (सिग्नल एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल, भोपाल भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए कार्य करते हुए निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित करते है। इस टेन्डर के तहत मैनुअल प्रस्ताव मान्य नहीं होंगे एवं ऐसे प्राप्त कोई भी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा से संबंधित दस्तावेज वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिये गये हैं। **(1) निविदा सूचना एवं क्रमांक:** बीपीएलएनवर्क्स 2025-26 सिग्नल 03 **कार्य का नाम:** बेलेन्स वर्क फॉर प्रोविजन ऑफ फॉयर डिटेक्सन एण्ड अलार्म सिस्टम एट बैलन्स 17 स्टेशन इन BINA-GUNA-MKC, Guna-GWL & BPL-SHRN सेक्शन। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹1,07,45,153.20/- **निविदा फॉर्म की कीमत:** लागू नहीं **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** ₹2,03,700/- **कार्य समापन की अवधि:** 06 माह **निविदा जमा करने एवं खोलने की दिनांक एवं समय:** दिनांक 21.05.2025, को 15:00 बजे तक। दिनांक 21.05.2025 को 15.30 बजे। **मिनिमम एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया:** MEC Applicable. निविदाकर्ता/ बिडर्स के पास क्लास III डीजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना आवश्यक है एवं IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/ बिडर्स ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। ई-टेंडरिंग के दौरान ही सभी संबंधित दस्तावेज अपलोड करना आवश्यक है। पेमेन्ट गेटवे के द्वारा ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज की कीमत, बयाना राशि आदि का भुगतान ऑनलाइन मल्टीपल नेटबैंकिंग, डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड द्वारा किया जा सकता हैं।

मण्डल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूरसंचार),
प.म.रे., भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

**आम-सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, ई-7 अरेरा कॉलोनी, भोपाल (म.प्र.) में स्थित भवन क्रमांक एच.आई.जी.- 749 मंडल द्वारा श्री अभय स्वरुप श्रीवास्तव आत्मज स्व. डॉ. हरस्वरुप श्रीवास्तव के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 10.09.1986 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत किया गया है। श्री अभय स्वरुप श्रीवास्तव का स्वर्गवास दिनांक 21.09.2017 को हो गया है।

आवेदक आवंटी की पत्नी श्रीमती पूर्णिमा स्वरुप खरे आत्मज स्व. अभय स्वरुप द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र अन्य वारिसों की सहमति शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है।

उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रुप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

(रविन्द्र निकासे)
सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि.म.प्रक्षेत्र-1, भोपाल

**यह दवा अमूल्य है**

**खूनी बवासीर के मरीजों के लिये आवश्यक सूचना**

1. क्या आप खूनी बवासीर से पीड़ित है।
2. डाक्टरों, हकीमों और वैद्यों का ईलाज करा-करा कर थक गये है।
3. निरंतर खून आने से शरीर अत्यंत दुर्बल और कमजोर हो जाता है।

तो आइये मात्र 6 पुड़िया आपके जीवन को चिंताओं से मुक्त कर सकती है और आप फिर से पूर्ण मस्ती के साथ जीवन व्यतीत करने के लिये सक्षम हो सकते हैं।
तो आज ही हमारे निम्न पते पर आये और नि:शुल्क दवा प्राप्त करें।

**दैनिक अमृत दर्शन**

6, पत्रकार नगर कोलार रोड, भोपाल-462003, मो. 9827054436

